दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
Title Code UPBIL 05086
वर्ष :- 01 अंक :- 312 मुरादाबाद 12 March 2022 (Saturday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## दिल में गम और रुंधा गला- हार के बाद भावुक दिखीं मायावती, बताया- किस बात की मिली सजा



इससे बुरा क्या ही होगा। हमें पत्थर काट कर रास्ता बनाने का काम करते रहना है...। यूपी विधानसभा चुनाव में महज एक सीट हासिल करने वाली बसपा की मुखिया मायावती ने शुक्रवार को बेहद भावुक अंदाज में यह बात कही। चुनाव में हार पर बोलते हुए मायावती भावुक थीं, गला रुंधा था और वह अपने अंदाज से अलग सबक सीखने की बात करती रहीं। साफ कहा कि हमें मुस्लिम वोटों के सपा में एकमुश्त जाने की सजा झेलनी पड़ी है। लेकिन फिर अपने समर्थकों से अपील की कि निराशन नहीं होना है और सत्ता में आने तक चुप नहीं बैठना है। उन्होंने इसे लेकर भाजपा और कांग्रेस के पिछले और मौजूदा हालातों का भी उदाहरण दिया। मायावती ने कहा, ऐसे खराब राजनीतिक हालात भाजपा ने भी देखे हैं, जब आजादी के बाद से लंबे समय तक भाजपा को जनता ने राज करने का मौका नहीं दिया। 2017 से पहले भाजपा की भी ऐसी मजबूत स्थिति यूपी में नहीं थी। ऐसे ही हालात से आज कांग्रेस गुजर रही है। मैं यह कहना जरूरी समझती हूं कि पूरे यूपी से मिले फीडबैक के मुताबिक जातिवादी नीतियां, निगेटिव प्रचार आदि के माध्यम से यह प्रचार किया गया बीएसपी भाजपा की बी टीम है। यह प्रचार किया गया कि बसपा के मुकाबले सपा ज्यादा बेहतर ढंग से भाजपा से लड़ रही है।

### त्रिकोणीय मुकाबला होता तो भाजपा की हार होती

मायावती ने कहा कि भाजपा की ओर से मुस्लिम विरोधी आक्रामक प्रचार किया गया और जवाब में मुसलमानों का वोट पूरी तरह से सपा के साथ चला गया। ऐसे में सपा विरोधी हिंदू समाज भी बसपा के पास नहीं आया और भाजपा को ही चला गया। मायावती ने कहा कि केवल बसपा ही भाजपा को सत्ता में आने से रोक सकती है। यदि यूपी में तिकोना संघर्ष हुआ होता तो फिर चुनाव परिणाम बीएसपी की अपेक्षा के मुताबिक आते और भाजपा को सत्ता में आने से रोका जाता।

### बसपा के साथ लगे रहे मुस्लिम, पर सारा वोट सपा को दे दिया

मुस्लिम समाज बीएसपी के साथ तो लगा रहा, लेकिन उनका पूरा वोट सपा को ही ट्रांसफर हुआ। इसके चलते दलित और हिंदू समाज के अन्य वर्गों का वोट भाजपा को चला गया। मुस्लिम वोटों के सपा को ट्रांसफर होने की सजा ही बसपा को मिली है। इन्हीं कड़वे अनुभवों को सीखते हुए बीएसपी आने वाले दिनों में अपनी नीतियों में बदलाव जरूर लाएगी। इसमें भी संतोष की बात यह है कि मेरे अपने समाज का वोट चट्टान की तरह पार्टी के साथ खड़ा रहा है। मेरी अब उन सबसे अपील है कि अपना मनोबल नहीं गिरने देना है। बाबासाहेब के अनुयायी कभी हिम्मत नहीं हारते हैं। हमें बाबासाहेब के कारवां को न ही रुकने देना है और न रुकने देना है।

### इससे बुरा क्या ही होगा, अब खत्म होने वाला है बुरा वक्त

पूरा खून पसीना बहाने के बाद भी यूपी का जो परिणाम आया है, उससे बुरा क्या हो सकता है। इसलिए मानना चाहिए कि अब बुरा वक्त खत्म होने वाला है। यूपी में इस बार पार्टी की अपेक्षा के अनुरूप नहीं आने को लेकर मैं कहना चाहूंगी कि मुसलमान वोट सपा में जाने के डर से दलित समुदाय का भी बड़ा वोट भाजपा को चला गया।

## पीएम मोदी बोले, कोरोना महामारी के दौरान भी हमारे छोटे किसानों ने सुनिश्चित किया की देश में नहीं होनी चाहिए भोजन की कमी

अहमदाबाद- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अहमदाबाद में गुजरात पंचायत महासम्मेलन को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि ये बापू की धरती है, ये सरदार पटेल की धरती है। बापू ने हमेशा ग्रामीण विकास की, आत्मनिर्भर गांव की, सशक्त गांव की बात कही है। इसलिए आजादी का अमृत काल हम जब मना रहे हैं, तो पूज्य बापू के सपनों को पूरा करने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। साथ ही कहा कि जब आजादी के अमृतकाल में हम हैं और आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं तो पूज्य बापू के सपनों के हम सब एक प्रकार से प्रतिबद्ध है कि आजादी की जंग में जो सपने देख कर लोगों ने खुद को आहूत किया, अपनी जवानी खपा दी तो हमें उन सपनों को साकार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान भी हमारे





छोटे किसानों ने सुनिश्चित किया कि भोजन की कोई कमी न हो।

### पंचायत में पुरुषों से ज्यादा महिलाएं कर रहीं प्रतिनिधित्व

महासम्मेलन को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि गुजरात में पंचायत व्यवस्था में पुरुषों से ज्यादा प्रतिनिधित्व महिलाएं कर रही हैं। 1.5 लाख से अधिक चुने हुए जनप्रतिनिधि एक साथ बैठकर गुजरात के उज्वल भविष्य की चर्चा करें, इससे बड़ा कोई अवसर नहीं हो सकता है, लोकतंत्र की इससे बड़ी कोई ताकत नहीं हो सकती है।

### पंजायती राज व्यवस्था है बेहद महत्वपूर्ण

साथ ही उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था को दिशा देने का काम और उसे गति देने का काम आप सभी प्रतिनिधि कर रहे हैं, पंच-सरपंच कर रहे हैं। ग्राम स्वराज का सपना पूरा करने के लिए पंचायती राज व्यवस्था बेहद महत्वपूर्ण है। इस व्यवस्था को दिशा देने का काम, उसे गति देने का काम आप सभी प्रतिनिधि कर रहे हैं, पंच-सरपंच कर रहे हैं। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अहमदाबाद के जीएमडीसी ग्राउंड में महा-पंचायत सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान हजारों की संख्या में गुजरात के अलग-अलग हिस्सों से लोग जुटे।

## 20 लीo कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरण ( भट्ठी ) के साथ एक गिरफ्तार



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती अरविन्द कुमार मौर्य द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार तिवारी मय थाना स्थानीय की पुलिस टीम व आबकारी टीम क्षेत्र में अवैध मदिरा निर्माण की चेकिंग हेतु भ्रमणशील थे कि सेमगढ़ा से अभियुक्त चुन्नू पुत्र धरखन निवासी ग्राम सेमगढ़ा थाना इकौना जनपद श्रावस्ती को 20 लीटर नाजायज कच्ची शराब शराब बनाने का उपकरण ( भट्ठी ) के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना इकौना पर मु0अ0सं0 54/22 धारा 60( 2 ) आबकारी अधिनियम में अभियोग पंजीकृत किया ।

## भाजपा विधायक के जीत पर आरएन सिंह ने अधिवक्ता को मिठाई बांटकर मनाया जशन



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-श्रावस्ती के भाजपा विधायक राम फेरन पांडेय के जीत पर जमुनहा तहसील अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष आर एन सिंह ने जमुनहा तहसील के अधिवक्ता को मिठाई बांटकर मनाया जशन भाजपा सरकार पूर्ण बहुमत से बनने पर खुशी मनाते हुए होली त्यौहार के उपलक्ष में खुशियां जाहिर करते हुए अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष आर एन सिंह ने बताया कि हमारे अधिवक्ता व क्षेत्र की जनता का विशेष योगदान रहा जिससे हमारे क्षेत्र श्रावस्ती के विधायक भाजपा से निर्वाचित होकर हम लोगों ने उन्हें भेजा है और मुझे आशा व पूर्ण विश्वास है कि हम लोगों के कार्यों मे सदा सहयोग करते रहेंगे । इस मौके पर दिनेश वर्मा अधिवक्ता ,दीपचंद वर्मा अधिवक्ता, उदय प्रकाश, बाबादीन मिश्रा ,दीपक श्रीवास्तव ,विजय बहादुर सिंह हरदत्त नगर गिरंट, हरीश चंद्र वर्मा, व संदीप जायसवाल, दिनेश सिंह हरदत्त नगर गिरंट, अन्य अधिवक्ता गांव व ग्रामीण मौजूद रहे ।

## वित्तमंत्री नई दिल्ली को जिलाधिकारी के मध्यम से भेजा ज्ञापन




अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बांदा-उद्योग व्यापार मंडल बांदा के पदाधिकारियों ने जिला अधिकारी बांदा कार्यालय पहुंच का अपने वित्त मंत्री भारत सरकार को सम्बोधित ज्ञापन जिला अधिकारी बांदा के द्वारा सोपते हुए मांग की है की ईटो की बिक्री में एक अप्रैल से जो जी एस टी बधाई जा रही हैं इससे महगायी बहुत बढ़ जाएगी। एक तरफ कोरोना काल में व्यापार में काफी फर्क पड़ा है अब जी एस टी बढ़ाएं जाने से महगाई बढ़ जाने से भी व्यापार में काफी फर्क पड़ेगा। भट्टे में निर्मित लाल ईटों पर कर दर में वृष्टि का प्रस्ताव को वापस लिए जाना ही जनता के हित में होगा। व्यापार मंडल के अध्यक्ष संतोष गुप्ता अनशनकारी ने बताया -कि जी0एस0टी0 काउंसिल की 45वीं बैठक में भट्ठों में निर्मित लाल ईंटों पर कर दर में बिना आईटीसी क्लेम किए 01 प्रतिशत से बढ़ाकर 06 प्रतिशत तथा आईटीसी क्लेम करने पर कर दर 5 प्रतिशत से बढ़ाकर 12 प्रतिशत किए जाने का प्रस्ताव 01 अप्रैल, 2022 से पारित किया गया है। भट्टे की ईंटों पर दो प्रकार के अव्यवहारिक एवं अनुचित कर दर वृद्धि प्रस्ताव को वापस लिए जाने के औचित्य पर हमारा कथन निम्न प्रकार है- 1-. ईंट भट्ठा एक ग्रामीण कुटीर सीजनल प्रकृति का उद्योग है। कोरोना महामारी के कारण ईंट व्यवसाय पूरी तरह चौपट और घाटे में है, वहीं दूसरी ओर जनसाधारण का भी काम-काज बुरी तरह प्रभावित होने के कारण वित्तीय स्थिति खराब है। ऐसे हालात में जनसाधारण के निर्माण की मूलभूत आवश्यकता ईंटों पर कर दर बढ़ाने का प्रस्ताव जनविरोधी है। 2. -यह कि मैन्युफैक्चरर्स सेक्टर के 40 लाख तक सालाना टर्नओवर व्यवसाय जी0एस0टी0 में कर मुक्त है। जबकि काउंसिल की 45वीं बैठक में ईंट निर्माताओं के लिये 20 लाख रूपये सालाना टर्नओवर तक करमुक्त का प्रस्ताव किया गया है जो कि ईंट भटठा व्यापारियों के साथ घोर अन्याय है। 3. यह कि ईंट निर्माताओं के लिये जी0एस0टी0 में वर्तमान में 1.50 करोड़ टर्नओवर तक कम्पोजीशन सीमा है ( बिना आईटीसी क्लेम के ) जिसमें 01 प्रतिशत की कर दर है। काउसिल की 45वीं बैठक में कृष्णप्रकाश गुप्ता ( बल्लू ) बिना आईटीसी लिए कर दर 06 प्रतिशत किए जाने का प्रस्ताव है तथा सामान्य रूप से ( आईटीसी क्लेम करने पर ) ईंटों पर कर दर 05 प्रतिशत है, जिसे 12 प्रतिशत किए जाने का प्रस्ताव है। यह वृद्धि प्रस्ताव अव्यवहारिक हैं। इसका सीधा प्रभाव ईंटों की कीमतों पर पड़ेगा। 4. यह कि 90 प्रतिशत व्यापारी वाणिज्यकर समाधान योजना/जीएसटी कम्पोजीशन स्कीम के अंतर्गत्जि तेन्द्र गुप्ता ( छोटा )ईंटों पर ग्राहक से कर वसूल नहीं किया जाता रहा है, व्यापारी कर अपने पास से जमा करता है। हमारी मांग है कि पूरे भारतवर्ष में लगभग 03 करोड बेरोजगार भूमिहीन निर्बल वर्ग केश्रमिकों को रोजगार देने वाले भट्ठा उद्योग तथा आम जनहित मे ईंटों पर कर दर में वृद्धि प्रस्ताव कोतत्काल प्रभाव से निरस्त करते हुये आगामी 02 सीजन वर्ष के लिये ईंट बिक्री को जी0एस0टी0 मुक्त घोषित करे।इस मौके पर -सन्तोष अनशनकारीशिवपूजन गुप्ता कमलेश कुमार गुप्ता सत्यप्रकाश सर्राफनगर अध्यक्षश्रीकृष्ण गुप्ता,सौरभ लाक्षाकार,अंकुर गुप्ता,संजय गुप्ता, आदि लोग मौजूद रहे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## पुलिस से प्रताड़ित युवक ने पुलिस अधीक्षक बांदा से लगाई न्याय की गुहार



अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बांदा- पुलिस अधीक्षक कार्यालय का है। बांदा जनपद के बिसंडा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ग्राम अजीत पारा बिलबाई निवासी ओंकार पुत्र कृष्ण कुमार यादव ने अपने प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत कराते हुए बताया कि चौकी के कुछ पुलिस वाले जबरन रुपया मांगते है न देने पर मार पीट अब फर्जी तरीके से फासने की धमकियां देते है। जिनके डर से अपनी खेती किसानी तक नहीं कर पा रहा हूं। आज अपने प्रार्थना पत्र के माध्यम से मांग की है की उक्त पुलिस वालो पर उचित करवाई करे जिससे अपनी खेती किसानी का काम कर सकू।

## फूड इस्पेक्टर के क्षेत्र न भ्रमण करने से दुकानों हो रही घटिया सामग्री की बिक्री

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- जमुनहा श्रावस्ती- जमुनहा क्षेत्र के अंतर्गत फूड इस्पेक्टर के क्षेत्र भ्रमण न करने से परचून की दुकान व होटलो पर मिलावटी सामान की बिक्री जोरो पर है। परचून की दुकानों पर रंगीन कचरी व घटिया तेल मिलावटी बेसन व अन्य घटिया सामग्री की बिक्री दुकानों पर व होटलो पर चल रही है । जैसे बीरगंज बाजार , जमुनहा बाजार , नासिरगंज बाजार , बदला चौराहा , गिरन्ट बाजार , मिर्जापुर चौराहा , माल्ही चौराहा आदि जगहों पर होली त्यौहार में मिलावटी व घटिया सामग्री की बिक्री जोरो पर है । ज्ञातव्य हो कि फूड स्पेक्टर के क्षेत्र भृमण न करने के कारण गरीब जनता दुकान दारो से मिलावटी व घटिया सामान महंगे दामो में और जो सामान उपभोक्ताओं द्वारा खरीदा जाता है उसका बिल उपभोक्ताओं को दुकानदारों द्वारा नही दिया जाता है । जिससे उपभोक्ता को मूल्य का पता नही चल पाता है और मजबूर होकर दुकान से सामग्री खरीदने के लिए मजबूर होते है जबकि सरकार द्वारा फरमान जारी किया गया है कि दुकान से सामान खरीदारी करते समय दुकान दार द्वारा उपभोक्ता को सामान रेट मूल्य दरसा कर सामान के साथ बिल भी दे । लेकिन उपभोक्ताओं के साथ दुकान दारो द्वारा महंगे दामो व घटिया सामग्री की बिक्री करने के लिए बिल का भुकतान उपभोक्ताओं को नही दिया जा ता है जिससे सरकार को जीएसटी द्वारा मिलने वाला धन सरकारी धन सरकार को न मिलकर वो सीधे फर्जी तरीके से उपभोक्ता से दुकान दार वसूल कर लेता है। इस सम्बंध में फूड स्पेक्टर से दूरभाष पर जानकारी लेना चाहा तो घण्टी बजती रही और फोन नही उठा इससे प्रतीत होता है कि दुकान व फूड स्पेक्टर की मिली भगत से क्षेत्र में घटिया व मिलावटी सामग्री की बिक्री जोरो पर चल रही है

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# प्रचंड जीत की खुशियां मनाते भाजपा कार्यकर्ता




सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-ठाकुरद्वारा- चुनाव के नतीजे आने के बाद ठाकुरद्वारा व्यापार मंडल अध्यक्ष गौरव चौहान व भाजपा कार्यकर्ता पदाधिकारी गण यूपी में लगातार दूसरी बार प्रचंड जीत का जश्न मनाते व भारतीय जनता पार्टी सरकार की महान प्रचंड जीत से भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता गण अधिकारी व्यापार मंडल से लेकर आम जनता में खुशी की लहर योगी जी के पिछले कार्य काल की सराहना कर जनता ने फिर दूसरी बार लगातार प्रचंड जीत दिलाई खुशी से फूलों नहीं समा रहे है भाजपा कार्यकर्ता व्यापार मंडल संगठन के लोग भाजपा कार्यकर्ता गण व्यापार मंडल संगठन के लोग यश वर्षी मुख्यमंत्री आदित्य योगी नाथ जी की नीतियों कार्यकाल से खुश होकर जनता ने फिर प्रचंड जीत दिलाई इस दौरान भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ जिला संयोजक आशुतोष अग्रवाल भाजपा पूर्व नगर अध्यक्ष उमेश कुमार गुप्ता अन्य भाजपा के कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के पुनः वापसी पर व माननीय मुख्यमंत्री जी की प्रचंड जीत पर खुशी मनाई और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी इस मौके पर संजीव चौहान सहदेव गोला रवि चौहान विपिन जिंदल योगेश चौहान राजीव चौहान संतोष चौहान वे सभी व्यापारी गण व भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे

# सदैव तत्पर करेंगे जनता की सेवा जनता के लिए हर वक्त तैयार अजय प्रताप

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-ठाकुरद्वारा- भाजपा प्रत्याशी अजय प्रताप का कहना जनता के असीम उत्साह प्यार मत से मुझे भरपूर समर्थन मिला मेरी हार नहीं मेरी जीत मैं इसी तरह सदैव तत्पर जनता के,हर हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई भाई के लिए यूं ही साथ खड़ा हर वक्त दिखाई दूंगा जितना ठाकुरद्वारा क्षेत्र की जनता ने मुझे अपने बहुमूल्य बोट समर्थन देकर मेरी जिस तरह हौसला अफजाई की उसी तरह मैं जनता साथ 24 आवर्स साथ खड़ा रहूंगा यही नहीं हर भाई के दुख सुख में अपना वसहयोग भी दूंगा मैंने इसका दिल से संकल्प लिया है जितना क्षेत्र की जनता ने मुझे अपना सिम उत्साह प्यार मत देकर मेरा मान बढ़ाया है उसका जीता जागता नमूना आपके सामने यह जनता का,ही प्यार उत्साह मेरे साथ मेरे संस्कार मेरे पैरंट्स मेरे बुजुर्ग बढ़ो का आशीर्वाद मुझे यहां तक लेकर आया है सेकंड विधायक अजय प्रताप का कहना अब मुझे है जनता के साथ रहना इस तरह से यूपी सरकार नतीजे जनता पार्टी की नीतियां वकार्यकाल को सर आए हुए जनता ने जो यश वशी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को दूसरी बार लगातार प्रचंड जीत दिलाई उसका जीता जागता साबूत छोटा सा सेवक अजय प्रताप क है पहली बार विधानसभा सीट से उतारने के बाद जनता का कितना बड़ा उत्साह प्रेम प्यार मत मुझे भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी होने पर मिला मुझे यश वशी मुख्यमंत्री श्री योगी जी भारतीय जनता पार्टी के अधिकारीगण कार्यकर्ता गण की मेहनत मेरे लिए लगन निष्ठा ने आज अजय प्रताप छोटी सी शख्सियत को कहां पहुंचा दिया मैं तहे दिल से शुक्रगुजार हूं ठाकुरद्वारा क्षेत्र की जनता का हर भाई का हर मां का हर बाप का हर बहन का हर बच्चे का यूं यूं ही उत्साह प्रेम प्यार मुझे आने आने वाले वक्त में क्या बना दे कोई नहीं जानता सभी क्षेत्रवासियों मित्रगण साथियों का तहे दिल से शुक्रिया

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्यौरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# अंबेडकर पार्क में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मनाया जीत का जश्न एक दूसरे को मिठाई खिलाकर दी बधाइयां

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- दरअसल एक और जहां उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी ने अपनी जीत दर्ज कराई है, तो वहीं पंजाब में आम आदमी पार्टी ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है दरअसल आपको बता दें उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में एक और जहां भाजपा की जीत पर भाजपाई जमकर जश्न मना रहे हैं, तो वही पंजाब में मिली आप की इस ऐतिहासिक जीत पर आम आदमी पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं ने भी जश्न मनाने को पीछे नहीं हटे दरअसल पंजाब में आम आदमी पार्टी को मिली ऐतिहासिक जीत पर आज आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने शहर के सिविल लाइन क्षेत्र अंबेडकर पार्क में पहुंचकर एक दूसरे को मिठाईयां खिलाकर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए आम आदमी पार्टी की इस जीत की खुशी का इजहार किया है वही



अंबेडकर पार्क में आयोजित आम आदमी पार्टी के इस कार्यक्रम के विषय में जानकारी देते हुए आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी रविंद्र भाटिया ने कहा कि पूरे हिंदुस्तान को पता है कि हमने पंजाब में आम आदमी पार्टी द्वारा ऐतिहासिक जीत हासिल की है इसी उपलक्ष्य में आम आदमी पार्टी द्वारा इस जीत की खुशी में हमने बाबा साहब अंबेडकर की जीत मानते हुए और एक संविधान की जीत मानते हुए अंबेडकर पार्क में हमने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए इस जीत को सेलिब्रेट किया है, जिसमें आम आदमी पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाइयां खिलाकर उनको बधाई दी है वही इस मौके पर जाबिर हुसैन रविंद्र भाटिया आसिफ सैफी सुशील शुक्ला अजय कुमार अनिल बिश्नोई डॉक्टर नजरूद्दीन मोहम्मद अजीम ममता गुप्ता गुड़िया खान ,जेबा एवं अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे

# मुरादाबाद शहर विधानसभा सीट : लंबी जद्दोजहद के बाद 782 वोट से भाजपा के रितेश विजयी

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- आखिरकार लंबी जद्दोजहद और उतार-चढ़ाव के बाद शहर विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी चुनाव जीत गए हैं। जीत के नजदीक पहुंचकर भी हाजी यूसुफ अंसारी को 782 वोट से हार का सामना करना पड़ा है। भाजपा की जीत से पहले करीब दो घंटे से अधिक तक पर्चियों की गिनती की गई। रिकाउंटिग के बाद रितेश गुप्ता ने जीत दर्ज की है दो मशीनों के प्रिंट नहीं निकलने से हुई देरी याद रहे कि शहर में 41 चक्र की मतगणना मुकम्मल होने पर भाजपा रितेश गुप्ता करीब नौ सौ वोटों से आगे हो गए थे। गिनती के दौरान एक एचएसबी इंटर कालेज और एक पीतल बस्ती की ईवीएम से प्रिंट नहीं निकल सका था। इसलिए इन मशीनों से निकली पर्ची की गिनती की गई है। करीब दो घंटे तक कई मर्तबा पर्ची गिनने के बाद रात करीब पौने आठ बजे प्रशासन ने रितेश गुप्ता के जीतने का एलान कर दिया है। इस सीट पर वोटों की अंतिम गिनती यह रही थी जिसमें पर्ची की गिनती शामिल नहीं है। इरशाद सैफी बसपा 13809, हाजी यूसुफ अंसारी सपा मत 146498, हाजी रिजवान कुरैशी कांग्रेस मत 5270, रितेश कुमार गुप्ता भाजपा मत 147419, अविनाश चंद मत 555, दानिश मत 256, वकी



रशीद 2648, विपिन 354, डॉक्टर एपी सिंह आप 789, शमशाद एहमद 322 वोट मिले। नोटा का प्रयोग 1394 लोगों ने किया। जाहिर है उत्तर प्रदेश में भाजपा की लहर के विपरीत जिले में सपा की हवा रही। नगर विधानसभा क्षेत्र में मामूली अंतर से सपा के हाजी यूसुफ अंसारी चुनाव हार गए हैं। इसके अलावा कुंदरकी, ठाकुरद्वारा, कांठ, मुरादाबाद देहात और बिलारी सीट से सपा प्रत्याशी चुनाव जीत गए हैं

www.knlslive.com

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेशद्व से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Meaning of results

This phase of Indian politics is pleasantly historic for the BJP. The victory of the BJP in Uttar Pradesh, the most important state of the country, is a great example of efficient political management. What has happened from ground to table and from strategy to vote politics is a subject of study in itself. BJP clearly knew what problems the country is going through due to the pandemic and how long can a party stand on the sharp sword of problems? Leaving aside the discussion of Manipur, Goa, Uttarakhand, what would have meant for the BJP leaving out of Uttar Pradesh alone, it was understood very well by Narendra Modi's central and Yogi Adityanath's state leadership, so the results are out. . The election of Uttar Pradesh was like a litmus test for other parties as well, but the hard work of these parties fell short. The opposition parties may have worked hard, but the truth is that in totality the BJP has gone far beyond its hard work."In this state associated with Ram, Shiva and Krishna, BJP has written a new history for itself. With this series of victory, the party is going to get a lot of strength for the future. Despite the general anti-incumbency wave, if we look at more than 40 percent votes in Uttar Pradesh and Uttarakhand and respectable votes in Goa, Manipur, we will find that people are satisfied with the BJP. In comparison, this is the party, which today stands with the poor with its plans. Despite the loss of crores of jobs, rising unemployment, inflation and some shortcomings of power, people are giving preference to BJP, then other parties should take lessons honestly. This difficult period is a witness that the common people are waiting for help, the government which could not do this work in Punjab has gone. Such a government of Aam Aadmi Party is coming there, whose claims people have faith in. The Aam Aadmi Party had also put emphasis in Goa and Uttarakhand, but there people saw their true well-wisher in Prime Minister Narendra Modi. There is also a euphemism for these results that he will win, who will be seen standing with the common people in trouble."After the results, many pleasant questions have also started emerging. Has the politics of going to one's own region or to one's people again and again return? Has the politics of showing and wooing people returned by taking any big step? Has the politics of sticking to one's concrete ideas or policies even after a lot of criticism? Has this message gone to the society that pure communalism or its fear will not work, it is good for the family and the society to go on developing together with the government? The BJP's enthusiasm from the seats it got in West Bengal, its effect is visible in the Uttar Pradesh elections, as if the work has been done. Now the agenda of the public has become more clear, she has started seeing her benefit. He is more concerned about his petty interests, he is not in a rut. Undoubtedly, the responsibility of the BJP leadership has increased now, people are in favor of peace and development. Now there will be less space for leaders who make mistakes or lose their opportunity to serve.

## Sanjeeda Sheikh again raises the internet's mercury, bold picture shared in bikini, is being seen again and again



Actress Sanjeeda Sheikh, who is in the headlines due to her boldness on the small screen, is once again in the news.

She is very active on social media with serious acting. She is making fans crazy through her hot and bold pictures. Meanwhile, a latest picture of Sanjeeda is becoming increasingly viral on the internet. Her hotness is being seen in this picture. Sanjeeda Sheikh has shared a latest picture of herself on her Instagram handle. In this picture, she was again seen getting bold in front of the camera. Huh. In the photo you can see that Sanjeeda is posing in front of the camera wearing a white bikini. At the same time, his hair is open. The way Sanjeeda is looking at the camera in the photo, she can make anyone crazy about her. The background of the photo is also looking very nice. Seeing the picture, it is clear that it was taken during a vacation. Seeing this picture, fans are constantly giving their feedback."After seeing this picture of Sanjeeda Sheikh, the fans are giving their feedback by commenting like Attractive, Beautiful, I love you, Ausam and Amazing, Bold, Fire. This video of Sanjeeda is becoming increasingly viral on Instagram. Till now it has been viewed millions of times. Sanjeeda Sheikh recently also shared a bold video. In this video, she is seen dancing to the song. This video of him had become quite viral. In this, he can be seen doing a bold dance on the song of the film 'Pushpa'. Sanjeeda Sheikh has 44 lakh followers on Instagram. She also often talks to her fans.

## Kajol's sister Tanisha Mukherjee needs such a boy for marriage, said this about the relationship

Kajol's real sister Tanisha Mukherjee could not show anything special in Bollywood, but she remains in the headlines for her personal life. Tanisha, who has worked in films like Neil & Nikki, Sarkar, Tango Charlie, Anna and Sarkar Raj, has been associated with Armaan Kohli for some time now. Whatever the pictures coming on social media say, but Tanisha has remained silent on the questions of the relationship. During a recent interview, he spoke openly about his personal life."Tanisha needs such a boy"Tanisha said that falling in love is very exciting when things are new. They are looking for that person with whom they can get bored. When asked about keeping quiet about her personal life, Tanisha openly said that she prefers to keep her personal life private. At the same time, she said that whenever she decides to get married, she will openly announce about it."want to focus on work"Tanisha said that right now she wants to focus completely on her work. She told that she is currently working on the projects that she wants to produce and at the same time she is reading different scripts to find the stories in which she wants to act as an actress. Tanisha said that she would also like to work in films that allow her to do a multi-layered gray character."Said this thing about OTT"Regarding OTT, Tanisha said that it has opened the mind of the audience and has given women an opportunity to do multi-layered characters. Talking about OTT, she said that it has opened new doors of possibilities for people and makers and she now wants to see more female producers and directors in the industry.



आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# चप्पे-चप्पे पर लहराया भगवा, साइकिल हो गई पंक्चर

निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-बृहस्पतिवार को सुबह मतगणना के कुछ समय बाद रुझान आना शुरू हुए। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनती दिखी तो सोशल मीडिया पर बधाइयों का दौर शुरू हो गया। लोगों ने सुबह से ही - राजतिलक की करो तैयारी आ रहे हैं भगवाधारी , चप्पा-चप्पा पर लहराया भगवा, साइकिल हो गई पंक्चर जैसी पोस्ट डालना शुरू कर दीं। वहीं किसी ने अखिलेश और योगी की फोटो लगाकर गाना शेयर किया- जाती हूं मैं जल्दी है क्या। ऐसे संदेशों की सोशल मीडिया पर दिन भर भरमार रही। लोगों का सोशल मीडिया पर कहना था कि प्रदेश में भगवा लहरा गया है। साइकिल पंक्चर हो गई है। प्रदेश से जैसे ही भाजपा के जीतने के रुझान आए, लोगों ने सोशल मीडिया पर पोस्ट डालना शुरू कर दिया। अलीगंज निवासी प्रमोद ने एक फोटो शेयर की जिसमें उन्होंने मोदी को योगी का हाथ पकड़े हुए दिखाया।

उन्होंने लिखा जिन्होंने बाकी राजनीतिक पार्टियों को याद दिलाया देश में हिंदू भी रहते हैं। वहीं गौरव ने लिखा एक बार फिर भाजपा सरकार। देवेश कुमार ने लिखा यूपी में बाबा बाकी में काबा। बासू ने लिखा वो कौन सी साइकिल थी जो दर्राटे काट रही थी। वहीं मतगणना के दौरान ही बसंत गुप्ता ने मारहरा के विधायक की फोटो शेयर कर उन्हें अग्रिम जीत की बधाई दी

# पहले चक्र में पिछड़कर बाद में जमकर दौड़ी भाजपा

निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-मंडी समिति पर मतगणना शुरू हुई तो सभी की निगाहें और कान वहीं स्थिर हो गए। अनुमानों में सबसे आगे चल रही भाजपा पहले ही चक्र में 166 मतों से पिछड़ गई। जिससे भाजपा के मतगणना एजेंट, पदाधिकारी और कार्यकर्ता सन्न रह गए। जबकि सपा खेमे में खुशी छा गई, लेकिन यही एक चक्र था, जिसमें सपा को खुश होने का मौका मिला।

इसके बाद तो भाजपा ने ऐसी दौड़ लगाई कि सपा को अन्य किसी भी चक्र में आगे आने का मौका नहीं मिला। जैसे-जैसे चक्र बढ़े, मुकाबला एकतरफा जैसा होता गया। भाजपा की बढ़त इतनी ज्यादा हो गई कि सपा की जीत की उम्मीदें मतगणना से पहले ही खत्म हो गईं। सदर सीट पर कुल 15 प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। इनमें से मुख्य मुकाबला भाजपा के प्रत्याशी और मौजूदा विधायक विपिन वर्मा डेविड तथा सपा के पूर्व जिपं अध्यक्ष जुगेंद्र सिंह यादव के बीच शुरू से रहा। बसपा के प्रत्याशी अजय यादव ने कुछ हद तक संघर्ष किया। जबकि कांग्रेस, आप सहित अन्य दल व निर्दलीय प्रत्याशी पूरी तरह निढाल नजर आए। मतगणना स्थल पर भाजपा, सपा के खेमे में सबसे ज्यादा भीड़भाड़ थी। जैसे ही पहले चक्र के परिणाम आना शुरू हुए, सरगर्मियां बढ़ गईं। इसमें सपा को बढ़त मिली और यह खेमा जोश से सराबोर हो गया। हालांकि यह खुशी ज्यादा देर तक नहीं ठहरी, अगले चक्र के परिणाम ने सपाइयों के चेहरे पर चिंता की लकीरें खींच दीं। इसके बाद हर चक्र में भाजपा तेजी से आगे बढ़ती गई। जिसका पीछा करने में सपा के पैर उखड़ गए।

15 चक्र के बाद तो यह स्थिति हो गई कि सपा मुकाबले से ही बाहर नजर आने लगी। मतगणना स्थल के बाहर हर चक्र का परिणाम आते ही भाजपाइयों का जोश बढ़ जाता और नारेबाजी होने लगी। जोशीले भाजपाइयों को संभालना पुलिस के लिए मुश्किल पड़ रहा था। मतगणना स्थल के अंदर भले ही भाजपाई संयम बरते थे, लेकिन 20 चक्र के बाद तो मतगणना स्थल के बाहर जीत का जश्न मनने लगा।

# प्रचंड जीत के लिए मैं उ.प्र.की जनता का आभार व्यक्त

निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-। विश्व हिन्दू परिषद के विभागाध्यक्ष अरविन्द सिंह चौहान ने कहां कि उ.प्र.मे भाजपा ( हिन्दुत्व )की पार्टी को प्रचंड जीत के लिए मैं उ.प्र.की जनता का आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने योगी आदित्यनाथ जी को पुन: उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बनने और नवनिर्वाचित सभी विधायक गणों को जीताकर साबित कर दिया कि जो हिन्दू हित की बात करेगा वही देश पर राज करेगा जनपद की चारों सीटों पर जनपदवासियों ने भाजपा ( हिन्दुत्व )की पार्टी को भगवामय कर दिया इसके लिए भी मै जनपदवासियों का भी आभार व्यक्त करता हूं। श्री चौहान ने कहां कि स्वामी प्रसाद मौर्य ऋस्स जैसे पवित्र संगठन को नाग बता रहे थे तथा खुद को नेवला वताने वाले को फाजिल नगर की जनता ने जो सबक सिखाया उसके लिए मैं फाजिल नगर की जनता का भी आभार व्यक्त करता हूं।

# 11 पेटी अवैध देशी शराब कीमत करीब चालीस हजार रुपये तथा भारी मात्रा में सीसी, क्यूआर कोड, ढक्कन सहित 04 शराब तस्कर गिरफ्तार

निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- थाना मिरहची पुलिस द्वारा एवं आबकारी टीम द्वारा की गई संयुक्त कार्यवाही में 11 पेटी अवैध देशी शराब कीमत करीब चालीस हजार रुपये तथा भारी मात्रा में सीसी, क्यूआर कोड, ढक्कन सहित 04 शराब तस्कर गिरफ्तार। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में अवैध शराब की बरामदगी व शराब तस्करों की धर-पकड़ हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना मिरहची पुलिस व अबकारी निरीक्षक के द्वारा संयुक्त कार्यवाही में चैकिंग के दौरान रिफलिंग की जा रही 11 पेटी देशी शराब सहित 04 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। घटनाक्रमानुसार दिनांक 09.03.2022 को थाना मिरहची पुलिस एवं आबकारी टीम द्वारा की गई संयुक्त कार्यवाही में चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर कस्बा मिरहची तिराहे के पास मेवाती मार्केट की दूसरी मंजील का कमरा मे शराब की पेटियो से मिलावट कर रिफलिंग की जा रही अवैध देसी शराब की 11 वीडियो सहित 04 अभियुक्त को समय करीब 15.10 बजे गिरफ्तार किया गया है। कमरे मे चैक किया गया तो उसमें 11 पेटी अवैध देशी शराब सहित भारी मात्रा में क्यूआर कोड, ढक्कन तथा होलोग्राम बरामद किये गये हैं। बरामद शराब की अनुमानित कीमत चालीस हजार रूपये है। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध थाना मिरहची पर आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की

# नगर निगम के सेवाभवन पर सफाई कर्मियों का हंगामा



शुभम शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़ - नगर निगम के सेवा भवन में सुबह अचानक 15-20 सफाई कर्मचारी पहुंचे और कार्यालयों में तोड़फोड़ शुरू कर दी। कार्यालयों के खिड़की, दरवाजे, बाहर गैलरी में रखे गमले आदि तोड़ दिए। कर्मचारियों का यह रूप देख अधिकारी सकपका गए और इधर-उधर हो गए। जीएम जल अनवर ख्वाजा के कार्यालय में भी कर्मचारी पहुंचे और धक्का मारकर दरवाजे का कुंदा तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीन लड़को को हिरासत में लिया है। सफाई कर्मचारी करीब 15 लाख का भुगतान न होने से नाराज थे।

# माताजी पिताजी के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लेने गंगा कोल्ड स्टोर उनके समाधि स्थल पर पहुंच



निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- विधायक सदर बनने के बाद माननीय श्री विपिन वर्मा डेविड जी अपने बड़े भाई श्री शशिकान्त वर्मा बबलू भैया के साथ अपने माताजी पिताजी के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लेने गंगा कोल्ड स्टोर उनके समाधि स्थल पर पहुंचे।विपन वर्मा पूर्व मंत्री गंगा प्रसाद वर्मा के पुत्र है इनके बड़े भाई प्रजा पालन वर्मा भी एटा से स्र्रूरह चुके है

# एटा में दिन पे दिन ऑनलाइन ठगी के अपराध से लोग हो रहे हैं शिकार

निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- एटा में हो रहे हैं ऑनलाइन ठगी के शिकार एटा में दिन पे दिन ऑनलाइन ठगी के अपराध से लोग हो रहे हैं शिकार ऐसा ही एक मामला एटा का है कुछ दिन पहले का जो ऑनलाइन ठगी का शिकार हुआ मामला मारहरा दरवाजा रामा कॉलोनी का ऑनलाइन ठगी के शिकार हुये संजय दिवाकर पुत्र श्यामलाल दिवाकर जिनका 7/03/2022/ करीब बर 02=56 मिनट को एक फ़ोन आया था जो संजय दिवाकर को आपने आपको बहनोई बता रहा था, संजय दिवाकर से कह रहा था की मैं तेरा जीजा बोल रहा हूँ संजय दिवाकर से बोला मेरा अकाउंट ब्लॉक हो गया है तो मैं आपने दोस्त से गूगल पे से आपके अकाउंट में पैसे डाल रहा हूं पहले ?1 सेंड किया फिर बोला चेक करो जैसे ही मैंने एक रूपया चेक किया तो देखा अकाउंट में से ?2200 रुपए कट गए जिसके कारण 2200 रुपए की ऑनलाइन ठगी के शिकार हो गये उसी समय पर साइबर क्राइम को फोन किया ओर आपनी ऑनलाइन ठगी की शिकायत दर्ज कराई ।

# भाजपा के चार राज्यों में ऐतिहासिक जीत के बाद ओड़गी मुख्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- ओड़गी- पांच राज्यों के चुनाव नतीजे सामने आते ही भारतीय जनता पार्टी को चार राज्यों में प्रचंड बहुमत से सरकार बनाने का अवसर मिला संपूर्ण नतीजेआने के पश्चात ही ओड़गी भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश तिवारी के नेतृत्व में तिवारी कॉलोनी से लेकर अटल चौक से थाना चौक तक सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ रैली निकाली गई ,जिसमें पूरे शहर भर भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा पटाखे, रंग गुलाल,एवं लड्डू बाँटने के साथ खुशी का इजहार किया गया इसके पश्चात सैकड़ों कार्यकर्ताओं को भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश तिवारी के द्वारा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बताया कि भारत में सिर्फ एक ही ऐसी पार्टी है जिस पर जनता विश्वास करती है ,भारतीय जनता पार्टी सदैव आम जनता के हित पर फैसला लेती है ,इस कारण भारतीय जनता पार्टी को उत्तर प्रदेश एवं अन्य राज्य में भाजपा की सरकार बनी है। एक ओर जहां छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल उत्तर प्रदेश में छत्तीसगढ़ के विकास एवं योजनाओं के बारे में


**■ जनता को है भाजपा के विकास पर भरोसा तभी मिली है प्रचंड जीत भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश तिवारी**

जनता को अवगत करा रहे थे पर उत्तर प्रदेश की जनता छत्तीसगढ़ के खोखले विकास को झूठा साबित कर दिया है ।अब हम सभी को कड़ी मेहनत करते हुए छत्तीसगढ़ में भी प्रचंड बहुमत से भाजपा की सरकार बनाने के लिए अभी से कार्यकर्ताएं मेहनत करना प्रारंभ कर दें।

इस मौके पर उपस्थित मंडल महामंत्री प्रवीण गुर्जर, संतोष सिंह, प्रदीप द्विवेदी, आशीष सिंह, मोहन राजवाड़े, पुष्पेंद्र गुर्जर, सधारी यादव, जगदेव यादव, नदीर पैकरा, शिव कुमार राजवाड़े, नीरज गुर्जर, विनीता यादव, बृजेश कुमार, विभीषण यादव, दुर्गा गुप्ता, मुन्नीलाल पैकरा राजेंद्र जैसवाल, अवधेश सिंह, रावेंद्र , शशांक प्रताप सिंह, रोहन देवांगन, लव दुबे, हर्षित गुर्जर, इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में भाजपा एवं युवा मोर्चा एवं सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी उपस्थित थे

# अनहोनीऔर विपत्तियों से बचने के लिए 4 गांवों में 2 से 5 दिन पहले मना लेते हैं होली, एक सप्ताह तक चलता है रंगों का त्योहार

पप्पू जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच





सूरजपुर- बिहारपुर . सूरजपुर जिले के बिहारपुर-चांदनी क्षेत्र के 4 गांव में पंचांग की निर्धारित तिथि से 2 से 5 दिन पहले ही होलिका दहन कर दिया जाता है।इसके साथ ही रंगों का त्योहार मनाने की शुरुआत हो जाती है। यह त्योहार मे आने वाले मंगलवार तक मनाया जाता है।इसके पीछे लोगों की मान्यता है कि अनहोनी और विपत्तियों से बचने के लिए पहले होली मना रहे हैं। यह क्रम पिछले 60 से अधिक वर्षों से चला आ रहा है। जानकारी के अनुसार ओड़गी ब्लॉक अंतर्गत क्षेत्र के महुली, कछवारी मोहरसोप और बेदमी गांव में होलिका दहन पंचांग की तिथि के दो से पांच दिन पहले किया जाता है। इस संबंध में गांव के पूर्व सरपंच रनसाय ने बताया कि यह परंपरा गांव में शुरू से ही चली आ रही है। गांव में गढ़वतिया पहाड़ पर मां अष्टभुजी देवी का मंदिर है। 1960 के दशक में यहां पर गांव के लोग होलिका दहन के लिए लकड़ियां एकत्र करके रखते थे, तो पांच दिन पहले ही रात के समय स्वतः आग लग जाती थी। ग्रामीणों का मानना है कि यह क्रम 1917 से चला आ रहा था। इसके बाद से गांव के लोग इस परंपरा को निभाते चले आ रहे हैं। गांव के लोगों ने बताया कि वह लोग होली के समय बैगा के पास जाते हैं और होलिका दहन की तिथि पूछते हैं। इस पर बैगा उन्हें पंचांग की तिथि के दो से लेकर पांच दिन पहले की कोई एक तिथि निर्धारित कर बता देते हैं। उसी दिन महुली गांव के लोग पहाड़ पर स्थित देवी मां के मंदिर के पास और कछवारी व मोहरसोप गांव के लोग अपने गांव में ही होली मनाते हैं। इस वर्ष यहां होलिका दहन 14 मार्च को होगा, जबकि भारतीय पंचांग के अनुसार 17 मार्च की रात होलिका दहन किया जाएगा।

**■ महुली कछवारी मोहरसोप और बेदमी गांव में मनाई जाती है अनोखी होली।**
**■ 1917 से परंपरा को निभाते चले आ रहे हैं सूरजपुर जिले के 4 गांव के लोग**
**■ गढ़वतिया पहाड़ पर मां अष्टभुजी देवी के मंदिर में किया जाता है होलिका दहन**

### 1988 में फैल गई थी कालरा की बीमारी

स्थानीय निवासी राजेश जायसवाल ने बताया कि 1988 में गांव के बैगा के यहां परिवार के सदस्य की मृत्यु हो जाने के कारण पंचांग की होली से दस दिन बाद गांव में होलिका दहन की तिथि निर्धारित की। इसके बाद गांव में कालरा की बीमारी फैल गई। काफी इलाज कराने के बाद भी कोई फायदा न मिलने पर लोगों ने बैगा से बात की। मानना है कि बैगा की पूजा-अर्चना के बाद इस बीमारी से पीड़ित लोग अचानक ठीक हो गए। इसके बाद से इस परंपरा को मानने वालों की देवी मां पर आस्था और बढ़ गई।

# राष्ट्रीय कैंसर, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, स्ट्रोक रोकथाम एवं नियंत्रण प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न


रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.एस. सिंह एवं जिला नोडल अधिकारी ( एनसीडी ) डॉ. दीपक जायसवाल के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय कैंसर, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, स्ट्रोक रोकथाम एवं नियंत्रण कार्यक्रम ( एन.पी.सी.डी.सी.एस. ) अंतर्गत 10 एवं 11 मार्च को जिले में पदस्थ समस्त ग्रामीण चिकित्सा सहायकों एवं समस्त हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर में पदस्थ समस्त सीएचओ का विस्तारित सेवाओं का 05 दिवसीय प्रशिक्षण 14 फरवरी से 11 मार्च 2022 तक जिला स्तर पर प्रशिक्षण दी गई। जिसमें मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने प्रशिक्षार्थियों को संबंधित बीमारियों के बारे में जानकारी हेतु हुए कहा कि ऐसे कोई भी मरीज आपके संस्था में आते है, तो उसका स्क्रीनिंग कर उचित उपचार प्रदाय करें। गंभीर मरीजों को तत्काल अपने से उच्च स्तरीय चिकित्सालय में रेफर करें। साथ ही 30 वर्ष के उम्र से अधिक समस्त पुरुष एवं महिलाओं का कैंसर स्क्रीनिंग तथा ब्लड शुगर एवं ब्लड प्रेशर लिया जाये तथा समस्त हेल्थ वेलनेस सेंटर में लोगों को कैंसर के बारे में जन जागरूकता करते हुए वेलनेस गतिविधियां भी सफलतापूर्वक पूर्ण कराई जायें। सीएमएचओ डॉ. सिंह ने कैंसर के बारे में जानकारी देते हुए इससे बचने के बारे में बताया। एन.सी.डी. जिला नोडल अधिकारी डॉ. दीपक जायसवाल के द्वारा बताया गया की कैंसर से घबराएं नहीं यह एक लाइलाज बीमारी नहीं है, इसका इलाज संभव है। अगर शरीर में किसी भी प्रकार का असामान्य परिवर्तन दिखाई दे तो तुरंत अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्रों में जा कर इसकी जांच करायें। गंभीर मरीजों को तत्काल जिला चिकित्सालय भेजे, साथ ही नोडल अधिकारी को अवगत कराये तथा सभी किशोरावस्था की बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर के बचाव हेतु पूर्व में टीका लगवाने हेतु आग्रह किया गया। भविष्य में समस्त हेल्थ वेलनेस सेंटरों में यह सुविधा नि:शुल्क प्रदान की जायेगी।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## बीजेपी की जीत में मायावती और ओवैसी का योगदान, इन्हें पद्मविभूषण और भारत रत्न देना पड़ेगा: संजय राउत



शिवसेना नेता और राज्यसभा सांसद संजय राउत ने यूपी विधानसभा चुनाव में बीजेपी की जीत में मायावती और ओवैसी का योगदान बताया है। राउत ने कहा, बीजेपी को बड़ी जीत मिली है, यूपी उनका राज्य था फिर भी अखिलेश यादव की सीटें बढ़ गई है। बीजेपी की जीत में मायावती और ओवैसी का योगदान है इन सबको पद्मविभूषण और भारत रत्न देना पड़ेगा। हम लोग खुश हैं, हार-जीत होती रहती है। आपकी खुशी में हम भी शामिल हैं।संजय राउत ने पंजाब में भाजपा की हार पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा, आप हमें बार-बार बोलते हो कि शिवसेना को यूपी में कितनी सीटें मिलीं? यूपी में कांग्रेस और शिवसेना की जो हार हुई है उससे बुरा हाल आपका पंजाब में हुआ है। इस बारे में आप थोड़ा देश को मार्गदर्शन दीजिए। चिंता का विषय ये हैं कि पंजाब में बीजेपी जो एक राष्ट्रीय पार्टी है उसे पंजाब की जनता ने पूरी तरह से नकारा है। पीएम मोदी, गृह मंत्री और रक्षा मंत्री ने वहां जमकर प्रचार किया फिर भी बीजेपी क्यों हार गई?

### राउत ने पूछा- उत्तराखंड के मुख्यमंत्री चुनाव क्यों हार गए?

संजय राउत ने कहा, बीजेपी 4 राज्यों में जीती है। हमें परेशान होने की कोई बात नहीं है, हम आपकी खुशी का हिस्सा हैं। भाजपा नेता ये बताएं कि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री चुनाव क्यों हार गए? गोवा में तो 2 उपमुख्यमंत्री हारे गए। सबसे अधिक चिंता का विषय पंजाब है, जहां भाजपा जैसी राष्ट्रवादी पार्टी को पूरी तरह खारिज कर दिया गया है।

### मायावती-AIMIM पर हकीकत से परे है राउत का बयान

संजय राउत ने भले ही भाजपा पर यह चुनावी हमला किया हो, लेकिन राजनीतिक जानकार उनके आरोप को पूरी तरह सही नहीं मानते हैं। इसकी वजह ये है कि मायावती की बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के कमजोर होने का फायदा केवल बीजेपी को ही नहीं मिला है। लंबे समय तक बसपा का वोटबैंक रहा दलित समाज कई विधानसभा सीटों पर सपा उम्मीदवारों को समर्थन करता नजर आया है। ऐसे दलित मतदाता जिनकी रोजी-रोटी पर कोरोना-लॉकडाउन का गहरा असर पड़ा, उनमें भाजपा सरकार के प्रति नाराजगी देखी गई। इन मतदाताओं ने सपा प्रमुख अखिलेश को सीएम योगी आदित्यनाथ के विकल्प के तौर पर देखा।

जहां तक बात AIMIM चीफ असदुद्दीन ओवैसी की है, वो बिहार जैसा कारनामा यूपी में बिलकुल नहीं कर पाए। AIMIM को आधी फीसदी (0.49त्र) भी वोट भी नहीं मिले हैं। जानकारों का मानना है कि मुस्लिम वोट सपा की तरफ एकमुश्त गए हैं। मुस्लिम बहुल विधानसभा क्षेत्रों में कई सपा प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की है। यूपी के मुसलमान मतदाताओं ने ओवैसी को सर्वसम्मति से अपना नेता मानने से इनकार कर दिया है।

## अब मिशन गुजरात पर निकले पीएम मोदी, नतीजों के अगले ही दिन किया 9 किलोमीटर लंबा रोड शो



उत्तर प्रदेश समेत 4 राज्यों के विधानसभा चुनाव में बड़ी जीत हासिल करने के बाद भाजपा अब मिशन गुजरात पर जुटती दिख रही है। गुरुवार को 5 राज्यों में विधानसभा चुनाव के नतीजे आए और उसकी अगली ही सुबह पीएम नरेंद्र मोदी गुजरात पहुंच गए। यही नहीं यहां वह एयरपोर्ट से लेकर गांधीनगर में स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय मंगलम तक 9 किलोमीटर लंबा रोड शो भी किया है। गुजरात में बीते साल ही पूरी सरकार ही बदल दी गई थी और भूपेंद्र सिंह पटेल को मुख्यमंत्री बनाया गया। इसके अलावा नितिन पटेल समेत तमाम पुराने नेताओं को कैबिनेट से बाहर कर दिया गया। ऐसे में मनाना जा रहा है कि पीएम नरेंद्र मोदी ही गुजरात में अहम चेहरा होंगे। आज रोड शो के बाद पीएम नरेंद्र मोदी गुजरात में भाषण भी दे सकते हैं, जिसे चुनाव के आगाज के तौर पर देखा जा सकता है। भले ही चुनाव में भी 9 महीने का वक्त बचा है, लेकिन भाजपा की तैयारियों को देखते हुए समझ जा सकता है कि वह इसे कितनी गंभीरता से ले रही है। पीएम नरेंद्र मोदी ने खुद ट्वीट कर सुबह गुजरात जाने की जानकारी दी थी। पीएम मोदी ने ट्वीट किया था, गुजरात निकल रहा हूं। आज और कल कई आयोजनों में शामिल रहूंगा। आज शाम को 4 बजे पंचायत महासम्मेलन को संबोधित करूंगा। यहां पंचायती राज संस्थानों से जुड़े कई प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। गुजरात भाजपा के मुताबिक इस रोड शो में करीब 5 लाख लोग शामिल हो सकते हैं। यही नहीं पंचायती राज सम्मेलन में भी 1 लाख लोगों के शामिल होने का अनुमान जताया जा रहा है। गौरतलब है कि पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार शाम को यूपी समेत 4 राज्यों में जीत को लेकर कहा था कि यह हमारी नीयत और कामों पर जनता के भरोसे का परिणाम है। यही नहीं उन्होंने परिवारवाद पर हमला बोलते हुए कहा था कि मेरे से लिख कर ले लो आने वाले दिनों में परिवारवादी राजनीति का अंत हो जाएगा। माना जा रहा है कि अब पीएम मोदी, अमित शाह समेत तमाम दिग्गज नेता गुजरात में प्रचार में जुटेंगे, जहां 2017 में भाजपा को 99 सीटें ही मिल पाई थीं और कांग्रेस से उसका कड़ा मुकाबला हुआ था।

## दिल्ली के चुनाव आयुक्त को धमकी दी गई या लालच? MCD चुनाव टालने को लेकर केजरीवाल ने बोला केंद्र पर हमला

दिल्ली नगर निगम चुनाव की घोषणा की तारीख टालने को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जनतंत्र के लिए खतरा बताया है। उन्होंने कहा कि अगर इस तरह स्वायत्त संस्थाओं पर दबाव डालकर सरकारें चुनाव टालेंगी तो लोकतंत्र नहीं बचेगा। सरकारें आती जाती रहेंगी, राजनीतिक दल भी आते जाते रहेंगे, मगर देश कमजोर नहीं होना चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री से अपील की है कि इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगना चाहिए। डिजिटल प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दो दिन पहले राज्य चुनाव आयोग दिल्ली नगर निगम चुनावों की घोषणा करने को लेकर सूचना देता है। मगर पांच बजे घोषणा से एक घंटे पहले चार बजे केंद्र सरकार की तरफ से चुनाव आयोग को चिट्ठी लिखी जाती है। उसमें कहा जाता है कि वह दिल्ली के तीनों नगर निगमों को एक साथ एक निगम बनाने जा रहे हैं, इसलिए चुनाव टाल दीजिए। चुनाव आयोग केंद्र सरकार के कहने पर चुनाव घोषणा की तिथियां टाल भी देता है। शायद देश के इतिहास में पहली बार यह हुआ होगा कि सीधे किसी राज्य के चुनाव आयोग को चिट्ठी लिखकर चुनाव टालने को कहा गया है। केजरीवाल ने कहा कि चुनाव की तिथि टालने से लोगों के मन में कई बातें चल रही हैं। पहली केंद्र की सत्ता में भाजपा 7-8 साल से काबिज है। अगर तीनों एमसीडी को एक साथ करना था तो आठ साल में क्यों नहीं किया गया। चुनाव की तारीख की घोषणा होने से एक घंटे पहले याद आया कि निगमों को एक करना है तो चुनाव टाल दिया जाए। उन्होंने कहा कि यहां मकसद चुनाव टालना नहीं है। ऐसा लगता है कि भाजपा हार के डर से एमसीडी को एक करने के बहाने चुनाव टालना चाह रही है। केजरीवाल ने कहा कि चुनावों का तीनों निगमों का एक साथ करने से क्या लेना-देना है। दिल्ली में तीनों नगर निगम में 272 वार्ड हैं। चुनाव हो जाने दीजिए, अभी जो अलग-अलग बैठे हैं वह एक साथ बैठने लग जाएंगे। इससे नए काउंसलर्स आएंगे। अगर एक होगा तो एक साथ बैठेंगे। चुनाव टालना देश के लिए अच्छा नहीं है। केंद्र सरकार ने चुनाव टालने को कहा है जो ठीक नहीं है। चुनाव आयोग झुक गया यह भी ठीक नहीं है। प्रधानमंत्री जी से अपील है कि सरकारें आती जाती रहेंगी। कल आप भी नहीं होंगे। कल मैं भी नहीं रहूंगा। यहां देश महत्वपूर्ण है। चुनाव आयोग को दबा डालकर चुनाव रद्द कराते हैं तो वह कमजोर होता है। इससे देश कमजोर होता है। हमें मिलकर देश को मजबूत करना है।



www.knlslive.com

### चुनाव आयुक्त क्यों मान गए धमकी मिली या लालच

अरविंद केजरीवाल ने इस दौरान राज्य चुनाव आयुक्त पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं पता वह एक घंटे में ही क्यों चुनाव टालने को तैयार हो गए? क्या राज्य के चुनाव आयुक्त पर दबाव डाला गया या फिर आयकर और ईडी की कार्रवाई की धमकी दी गई? क्या यही कारण है कि वह एक घंटे के अंदर चुनाव टालने को तैयार हो गए। उनका कार्यकाल खत्म हो रहा है। क्या कार्यकाल खत्म होने पर उन्हें कोई और पद का लालच दिया गया है। अपने राज्य चुनाव आयोग के आयुक्त से कहना चाहता हूं कि ऐसा करेंगे तो जनतंत्र ही नहीं बचेगा।

आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के संपर्क करे-

knlslive@gmail.com

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे-

एन.राज शर्मा
प्रधान संपादक
9027776991

निशाकांत शर्मा
सहसंपादक
7906743371

सुमित गुप्ता
क्यूँ न लिखूँ सच
9458664527

## मैनपुरी: ना कोई बम फटा ना कोई विस्फोट, धमाका इतना बड़ा कि मकानों में दरारें



मैनपुरी में गुरुवार को अचानक तेज धमाका हुआ तो लोग सहम गए। धमाके की आवाज पूरे जिले में सुनी गई। पूरे जिले में फाइटर प्लेन के फटने और गिरने की अफवाह फैल गई। आवाज इतनी तेज थी कि लोगों की खिड़कियां चटक गईं, मकानों में दरारें आ गईं। डर और दहशत के बीच लोग घरों से बाहर निकल आए लेकिन धमाका किस चीज का था, इसका पता नहीं चल सका। दिनभर इस धमाके की चर्चाएं घर-घर में होती रहीं। दोपहर 2 बजे के करीब अचानक एक तेज धमाका आसमान में हुआ। इस आवाज को सुनकर लोग इस कदर भयभीत हो गए कि घरों से बाहर गली-मोहल्लों में निकल आए। कोई भूकंप आने की बात कहने लगा तो कोई शहर में बम फटने की चर्चाओं में मशगूल नजर आया। लोग सोशल मीडिया पर भी इस धमाके की जानकारी लेते नजर आए। एक-दूसरे से फोन पर भी धमाके की जानकारी ली गई। लगभग एक घंटे बाद अफवाह फैल गई कि कोई फाइटर प्लेन गिर पड़ा है। इसके बाद पूरे जिले में लोग फोन से प्लेन के गिरने का स्थान पता करते रहे लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। एडीएम रामजी मिश्रा ने बताया कि धमाका उन्होंने भी सुना है। इस संबंध में एसडीएम और सभी खंड विकास अधिकारियों को बता दिया गया कि वे अपने इलाके की स्थिति पता करें। कोई जानकारी सामने नहीं आई है।


अन्य खबरों के लिए देखे

WWW.KNLSIVE.COM


# दोबारा होगा फलस्तीन में भारत के राजदूत का पोस्टमार्टम



मुकुल आर्या की मौत पर उनके परिवार द्वारा संदेह व्यक्त करने के बाद भारत ने उनके शव का दोबारा पोस्टमार्टम कराने का फैसला किया है. आर्या का शव अभी तक भारत लाया नहीं गया है.मुकुल आर्या की मौत का मामला दिल्ली हाई कोर्ट पहुंच गया है. उनके परिवार द्वारा दायर की गई याचिका पर सुनवाई के दौरान विदेश मंत्रालय ने अदालत को बताया कि वो आर्या के शव का दोबारा पोस्टमार्टम करवाने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाएगा. गुरुवार 11 मार्च को आर्या की मां ने दिल्ली हाई कोर्ट में एक याचिका दायर कर अपने बेटे की मौत के संदेहजनक हालात की जांच करवाने की अपील की. उन्होंने आर्य के शव के दोबारा पोस्टमार्टम के लिए दिल्ली स्थित एम्स अस्पताल के डॉक्टरों का एक पैनल गठित करने की भी मांग की.( पढ़ें- फलस्तीन में भारत के राजदूत की रहस्यमयी हालात में मौत ) दिल का दौरा पड़ने से मृत्यु 37 वर्षीय आर्या 2008 में ही भारतीय राजनयिक सेवा से जुड़े थे. उन्होंने जून 2021 में फलस्तीन के रमल्ला स्थित भारतीय दूतावास में कार्यभार संभाला था और छह मार्च 2022 को वो दूतावास के अंदर ही मृत पाए गए थे. उनके शव का पोस्टमार्टम वहीं कराया गया जिसके बाद फलस्तीन के न्याय मंत्रालय ने कहा कि उनकी मृत्यु दिल का दौरा पड़ने से हुई थी. याचिका में अदालत को बताया गया कि आर्य ने अपने परिवार के सदस्यों से आखिरी बार तीन मार्च को बात की थी. उसके बाद छह मार्च तक परिवार को उनकी कोई खबर नहीं मिली और फिर सीधा उनके मृत्यु की बारे में पता चला. याचिका में कहा गया है कि इसके बाद उनके परिवार ने उनकी मृत्यु के पीछे कुछ गड़बड़ी होने का आरोप लगाते हुए भारत सरकार के अधिकारीयों को कई बार संदेश भेजे लेकिन परिवार को सरकार की तरफ से कोई जवाब नहीं मिला. ( पढ़ें- तो क्या पेगासस था मोदी और नेतन्याहू की करीबी का कारण ) हालांकि सुनवाई के दौरान परिवार के वकील ने कहा कि इस समय वो जांच पर जोर नहीं दे रहे हैं और पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी से संतुष्ट हो जाएंगे. इसके बाद न्यायमूर्ति रजनीश भटनागर ने सरकार को कहा कि वो वीडियोग्राफी सुनिश्चित कराए और उसे दस्तावेजों में शामिल करे. फलस्तीन में भारत आर्या ने फलस्तीन से पहले अफगानिस्तान में भारतीय उच्चायोग, रूस में भारतीय दूतावास और फ्रांस में यूनेस्को में भारत के स्थायी प्रतिनिधि मंडल में काम किया था. उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय और सिंगापुर के ली कुआं यू स्कूल जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों से पढ़ाई की थी. फलस्तीन में भारत का पूर्ण दूतावास नहीं है. फलस्तीन में भारतीय मिशन को भारत का प्रतिनिधि कार्यालय और वहां का कार्यभार संभालने वाले भारतीय अधिकारी को भारत का प्रतिनिधि कहा जाता है. भारत ने यह कार्यालय 1996 में गजा में स्थापित किया था. 2003 में इसे गजा से रमल्ला स्थानांतरित कर दिया गया.

# भाजपा को जीत और सपा की हार के अपने-अपने सबक, 2024 में होंगी चुनौतियां

भारतीय जनता पार्टी ने प्रचंड जीत के साथ सत्ता दोबारा हासिल कर ली है लेकिन इस जीत ने पार्टी को कई सबक भी दिए हैं। सबक पश्चिमी यूपी में जाटलैंड में हुए घाटे की भरपाई करने का है तो लोकसभा में हासिल 50 फीसदी मत प्रतिशत को फिर 2024 में हासिल करने की चुनौती भी है। वहीं सपा के लिए बढ़त बनाने के बावजूद अभी भी सत्ता तक पहुंचने का जादूई आंकड़ा पाने की चुनौती बनी हुई है। उसे चिंतन करना होगा कि कैसे वह इस बढ़त या यूं कहें भाजपा से छिटके ओबीसी को पाले में बरकरार रख सके जिसके कारण वह भाजपा को चुनाव प्रचार के दौरान काफी हद तक परेशान करने में कामयाब रही है। भाजपा को मत प्रतिशत का लक्ष्य पाने की चुनौती निन्संदेश भारतीय जनता पार्टी का मत प्रतिशत लगभग 42 फीसदी के पास रहा है। यह पिछले विधानसभा चुनाव में मिले 39.67 फीसदी से करीब दो फीसदी ज्यादा है लेकिन भाजपा को मत प्रतिशत को लोकसभा चुनाव 2019 के स्तर करीब 50 फीसदी तक पहुंचाने की



चुनौती अभी भी बरकरार है। उसे सरकार की कार्यशैली से नाराज़गी के चलते सपा के पाले में शिफ्ट 3-4 फीसदी वोटों पर भी चिंतन करना होगा। कहना गलत न होगा कि समाजवादी पार्टी ने वर्ष 2017 में कुल 311 सीटों पर चुनाव लड़ी थी। इन पर उसको 28.30 फीसदी वोट हासिल हुए थे, जो इस बार करीब 3 से 4 फीसदी बढ़कर 32 फीसदी से ज्यादा हुआ है। सेंटर फार स्टडीज़ आफ सोसाइटी और पालिटिक्स के डा. एके वर्मा कहते हैं-'सर्वे में ऐसे करीब 11 फीसदी मतदाता सामने आए हैं जो पीएम नरेंद्र मोदी के नाम पर वोट देते हैं। शायद यही वज़ह थी कि लोकसभा चुनाव 2019 में भाजपा का मत प्रतिशत 51 के आसपास रहा था। इन चुनावों में भी 'मोदी-योगी' के नाम पर वोट मिले हैं। पार्टी को देखना होगा कि उसके विधायकों-सांसदों के कार्यों के चलते सत्ता विरोधी रुझान न हो। यह चिंता का सबब है कि पार्टी को लोकसभा चुनावों में मिला 50 फीसदी का मत प्रतिशत विधानसभा चुनाव में क्यों नहीं मिल सका।'

### पार्टी को व्यापक जनाधार पर करना होगा काम

समाजवादी पार्टी ने 110 के करीब सीटें हासिल करने के साथ ही मत प्रतिशत सुधारा है। समाजवादी पार्टी के लिए उसकी इस बढ़त में सबक यह है कि उधार की हांडी में पकवान नहीं पकाए जा सकते। पार्टी वर्ष 2012 जैसा जातीय और सामाजिक समीकरण बनाने में नाकाम रही। याद रहे कि वर्ष 2012 के चुनाव में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने अतीक अहमद और मुख्तार अंसारी जैसे बाहुबलियों को टिकट देने से इनकार कर एक अलग छवि बनाई थी। संदेश गया था कि सपा बदल रही है। राजनीतिक विश्लेषक पूर्व आईजी एके गुप्ता कहते हैं-'समाजवादी पार्टी का मत प्रतिशत बढ़ाने में मुख्य रूप से युवाओं को नौकरी, महंगाई और छुट्टा जानवर की समस्या प्रमुख कारण रहे लेकिन सपा को समझाना होगा कि बद से बदनाम बुरा। उसे समाज में पार्टी की ऐसी छवि बनानी होगी, जिसे उसको सबका साथ मिल सके।'

### नहीं चला सपा का ओबीसी कार्ड

समाजवादी पार्टी ने जिन स्वामी प्रसाद मौर्य और ओम प्रकाश राजभर को पार्टी में लेकर ओबीसी वोट बैंक को साधने की कोशिश की थी वह भी बहुत कामयाब होती नहीं दिखी। पूर्वांचल में न तो ओबीसी कार्ड चला और न ही लखीमीपुर खीरी में किसान आंदोलन का मुद्दा। लखीमपुर की निघासन सीट इसका ज्वलंत उदाहरण है। तिकुनियां इसी सीट में पड़ता है जहां किसानों को कुचलने का कांड हुआ था। वहां सपा ने बसपा से आए रामआसरे कुशवाहा को इस आधार पर टिकट दिया कि उन्हें सजातीय बिरादरी के वोट मिल सकेंगे। सपा ने इसे सुनिश्चित करने के लिए स्वामी प्रसाद मौर्य की कई बैठकें करवाईं। संजय चौहान भी वहां गए लेकिन सपा को ओबीसी वोट हासिल नहीं हो सका। कुछ ऐसी ही स्थिति स्वामी प्रसाद मौर्य की सीट फाज़िल नगर पर रही। पार्टी के लिए ओबीसी का बड़ा कार्ड माने जा रहे स्वामी प्रसाद मौर्य खुद हार गए।

# विधायक ओम कुमार जीतने की खुशी पर अपने कार्यकर्ताओं का किया स्वागत



मौ,युसूफ

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- मपुर फारूक अंसारी माननीय विधायक ओम कुमार जीतने की खुशी पर अपने कार्यकर्ताओं का किया स्वागत भारतीय जनता पार्टी के तक बूथ अध्यक्ष कारी लाइक जी का किया स्वागत भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने की खुशी में विधायक ओम कुमार जी ने सारे कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया और कहा मुझे किसी से कोई शिकायत नहीं आप सब की दुआ से मैं विधायक बन चुका हूं और आप लोगों ने हमारा साथ दिया , नहटौर और विधानसभा के लोगों ने मुझ पर विश्वास कर मुझे भारी मतों से जीता है मैं हमेशा नेट और विधानसभा के लोगों का कर्जदार रहूंगा उनका कर्ज में नेट और विधानसभा में विकास कर चुकाऊंगा नेटवर्क विधानसभा के लोगों की के लिए मेरे घर के दरवाजे खुले हैं

वह किसी भी समस्या के लिए मेरे पास आकर हल करा सकते हैं मैं और की पूरी विधानसभा का विधायक हूं हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई किसी भी जाति किसी भी मजहब के लोग सब मेरे भाई हैं मुझे सभी ने वोट दिया है मैं सबका विधायक हूं मैं सबका साथ सबका विकास कर आऊंगा मैं हमेशा नेटवर्क की जनता का आभारी रहूंगा

# पति से प्रताड़ित महिला ने पुलिस अधीक्षक बांदा से लगाई न्याय की गुहार

अविनाश चंद्र दीक्षित

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



बाँदा - पुलिस अधीक्षक कार्यालय बांदा का है । आज बांदा के टिंडवारा ग्राम की भूरी पुत्री गया प्रसाद ने अपने प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत कराते हुए बताया है की उसकी शादी तीन साल पहले महोखर गांव के सुशील पुत्र रामकेश के साथ हुई थी। शादी के कुछ दिनों बाद से ही पति शराब के नशे में मार पीट वा गाली गलौज करने लगा।जिसे कई बार गांव वालो ने समझाया मगर हर बार अधिक शराब पीकर मारपीट करता है । हद पार करते हुए इस बार पति सुशील ने पहले तो गाली गलौज वा मारपीट की और 14 माह के बच्चे को जबर छीन कर मुझे घर से निकल दिया गया है। आज अपने प्रार्थना पत्र के माध्यम से अपना बच्चा दिलाए जाने की मांग की है।

# आपरेशन क्लीन के तहत बबेरू थाना पुलिस ने हत्या की घटना का किया सफल अनावरण

अविनाश चंद्र दीक्षित

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



बाँदा -बांदा जनपद के बबेरू थाना के ग्राम भदेहडू में 15.02.22 की रात में कौशल्या पत्नी स्वागीय कीरत पटेल की हत्या का सफल अनावरण करते हत्यारोपित को गिरफ्तार करते हुए परशुराम उर्फ करिया पटेल पुत्र कमलेश पटेल निवासी भदे हदू थाना बबेरू जनपद बांदा को गिरफ्तार करने के साथ ही एक जोड़ी कान के टप्स पीली धातु के वा एक जोड़ी पायल भी बरामद की। इसमें मुख्य भूमिकाप्रभारी निरीक्षक बाकें बिहारी सिंह कांस्टबेल जितेन्द्र सिंह वा कांस्टबेल धर्मेंद्र कुशवाहा के अथक प्रयासों से उक्त घटना का अनावरण संभव हुआ है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

# महिलाओं को रोजगारमूलक गतिविधियों से जोड़ने जिला प्रशासन है सदैव तत्पर

रामचंद्र जायसवाल

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर - कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने निर्देश पर जिला पंचायत सीईओ श्री राहुल देव एवं प्रशिक्षु आईपीएस श्री संदीप कुमार पटेल ने आनन्द रिहन्दम में समुदाय आधारित संवहनीय कृषि प्रशिक्षण एवं ग्राम पर्री में स्थित लाइवलीहुड कॉलेज में चल रहे वित्तीय साक्षरता समुदाय संसाधन व्यक्तित्व प्रशिक्षण का निरीक्षण किया व आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिला पंचायत सीईओ ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के मूल उद्देश्य को बताते हुए कहा कि गरीब परिवारों को लाभकारी स्व-रोजगार और कुशल मजदूरी रोजगार के अवसरों तक पहुंचने में सक्षम बनाकर गरीबी को कम करना, जिसके परिणामस्वरूप गरीबों की मजबूत जमीनी संस्थाओं के निर्माण के माध्यम से स्थायी आधार पर उनकी आजीविका में उल्लेखनीय सुधार करना है। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रही दीदीयों को सरकार के मशानुरूप महिला समूहों को गौठानों में चल रहे विभिन्न गतिविधियों में अपनी भागादीरी अधिक से अधिक बढ़ाने की जरूरत है। जिसमें मुर्गी पालन, बकरी पालन, मशरूम उत्पादन, बाड़ी विकास, वर्मी कम्पोस्ट के अलावा अन्य रोजगारमूलक गतिविधियों जैसे दाल मिल, राइस मिल, मसाला मिल, तेल मिल, आटा मिल लगाकर अपनी आय को बढ़ाने की आवश्यकता है। ऐसे मशीनरी को लगवाने के लिए जिला प्रशासन तैयार है बस आप सबको प्रस्ताव बनाकर मांग करने की जरूरत है। इन्हीं सब चीजों को जानने एवं समझने के लिए आप सबका प्रशिक्षण कराया जा रहा है। प्रशिक्षु आईपीएस ने सभी दीदीयों को साइबर हेल्प लाइन नम्बर 1930 की जानकारी देते हुए बताया कि किसी के पास अननोन नम्बर से फोन आये और आपकी व्यक्तिगत जानकारी या बैंक संबंधी जानकारी मांगे तो आप इस नम्बर का उपयोग कर अपना शिकायत दर्ज करा सकते है। उन्होंने सभी दीदीयों को प्रशिक्षण के लिए बधाई देते हुए कहा कि आप सभी प्रशिक्षण प्राप्त कर आत्मनिर्भर बने और स्वरोजगार से अपनी आय में दुगनी बढ़ोत्तरी करें यही मेरी सबके लिए शुभकामनाए है। उन्होंने दीदीयों से बिहान के बारह सूत्रों की जानकारी ली तथा उनके लिए एक ड्रेस कोड की तरह सभी को एप्रॉन कोट, टोपी एवं प्रशिक्षण पश्चात सभी को आईडी कार्ड प्रदाय करने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया व कार्यक्रम के अन्त में सभी ने बिहान प्रार्थना का गायन किया।


# अभापसु समिति का मिशन है देश ब प्रदेश में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू कराना




दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली-अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति के बैनर तले एक मीटिंग होटल विनायक में की गई जैसा कि संगठन के पत्रकार साथियों के द्वारा हमेशा सामाजिक कार्य बखूवी एवं जिमेदारी से करता आया है होली के अबसर पर आपस में और आस पास सौहार्द बढ़ाने और सद्भावना कायम रखने पर प्रकाश डाला गया साथ ही हमारे जिला अध्यक्ष सत्यम शर्मा ने बताया कि जल्द ही अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति का मिशन है देश ब प्रदेश में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू कराना, इस मांग को लेकर समय-समय पर संगठन द्वारा आबाज उठायी जाती रही है और जल्द ही एक बड़ा आंदोलन दिल्ली में करने का निर्णय लिया गया है मीटिंग के दौरान प्रदेश सचिव नीरज रस्तोगी जी जिला अध्यक्ष सत्यम शर्मा वरिष्ट पत्रकार एवं जिला उपाध्यक्ष श्री अशोक शर्मा जी,श्री अनुराग सक्सेना जी, महामंत्री पुरषोतम सैनी, सौरभ गुप्ता, संगठन मंत्री वीरेन्द्र कुमार,अभय ,सुधांशु पांडे , गरुबचन,सुहैल खान आदि पत्रकार साथी उपस्थित रहे ।

# एटीएम तोड़ कैश ले गए चोर, बैंककर्मी नहीं बताने को तैयार



शुभम शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़ - हरदुआगंज में रामघाट रोड पर केनरा बैंक शाखा है, जिसके बाहर एटीएम लगा है, 24 घण्टे खुले रहने वाले एटीएम पर सुरक्षा गार्ड तैनात नहीं रहता। जानकारी के अनुसार चोर एटीएम की मशीन को तोड़ गए, सुबह बैंक कर्मियों ने मशीन क्षतिग्रस्त देख पुलिस को घटना की सूचना दी। एटीएम तोड़कर चोर कितना कैश ले गए ये बताने से बैंक कर्मियों ने स्पष्ट नहीं किया है।


## डिप्टी सीएम केशव मौर्य के इलाके सिराथू में बवाल, 400 सपा कार्यकर्ताओं पर FIR, पुलिस पर हमले का आरोप




कौशाम्बी के सिराथू विधानसभा की गिनती के दौरान गणना रोकने पर हुए बवाल में सपाइयों पर शिकंजा कसा गया है। नवीन मंडी ओसा में गुरुवार की शाम को हुए बवाल में सदर कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज किया है। 400 अज्ञात सपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ इंस्पेक्टर ने एफआईआर दर्ज कराई है। सपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ पुलिस पर हमला, तोड़फोड़, सरकारी काम में बाधा और मंडी गेट तोड़ने का आरोप है। सिराथू से डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य मैदान में थे। उनके साथ सपा ने अपना दल कमेरावादी की नेता पल्लवी पटेल को उतारा था। यहां से पल्लवी पटेल को देर रात विजयी घोषित किया गया है। इससे पहले शाम करीब सवा पांच बजे मतगणना एक ईवीएम की गिनती गड़बड़ी की आशंका पर रुक गई थी। उपमुख्यमंत्री के बेटे योगेश मौर्य का कहना था कि जितने वोट उस ईवीएम में बताए गए, उससे ज्यादा डिस्प्ले में दिख रहे थे। इसके बाद अंदर हंगामा हुआ। जानकारी होने पर सपा प्रत्याशी पल्लवी पटेल वहां पहुंचीं थीं। मतगणना रुकने पर तमाम तरह की अफवाह बाहर फैल गई थी। सपा कार्यकर्ता उग्र हो गए थे।

भाजपा कार्यकर्ता बाहर निकले तो उनसे झड़प हो गई। पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो सपा कार्यकर्ताओं ने ईंट-पत्थर से हमला बोल दिया था। पुलिस के वाहनों में तोड़फोड़ करते हुए मंडी का गेट तोड़ने का प्रयास किया। पथराव में मंझनपुर का सिपाही कृपेंद्र कुमार घायल हो गया। कई अन्य पुलिसकर्मियों को चोटें आईं थीं। पैरामिलिट्री फोर्स ने लाठी भांजी तो कार्यकर्ता भाग निकले थे। इस मामले में देर रात सदर कोतवाली में इंस्पेक्टर विनोद कुमार सिंह ने 400 अज्ञात सपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ केस दर्ज करा दिया।

## चुनावों में कांग्रेस की करारी हार के बाद फिर एक्टिव हुआ त्र-23 ग्रुप, गुपचुप बैठक



पांच राज्यों में कांग्रेस ने एक बार फिर करारी हार का सामना किया है। पंजाब में जहां कांग्रेस की सरकार थी, वहां से भी जनता ने पार्टी को नकार दिया है। खबर है कि कांग्रेस की करारी हार के बाद पार्टी का असंतुष्ट खेमा यानि जी-23 ग्रुप फिर एक्टिव हो गया है। शुक्रवार शाम वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद के घर पर ग्रुप के नेताओं ने मुलाकात की है। इसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री कपिल सिब्बल और मनीष तिवारी भी शामिल हुए। 10 मार्च का दिन कांग्रेस के लिए बुरा स्वप्न साबित हुआ। देश के सबसे बड़े राज्य में कांग्रेस ने पूरी ताकत झोंक दी थी वहां कांग्रेस के खाते में महज दो सीट आई। इतना ही नहीं पार्टी का वोट शेयर भी दो प्रतिशत से कम रहा। कांग्रेस पार्टी ने पंजाब में अपनी सत्ता भी गंवा दी। कांग्रेस को यहां 18 सीट मिली। 2017 में कांग्रेस ने यहां 77 सीट जीतकर सत्ता बनाई थी। लेकिन इस बार आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस के सपनों पर झाड़ू फेर दिया। यही नहीं पार्टी ने उन राज्यों में भी कमजोर प्रदर्शन किया जहां उसे वापसी की उम्मीद थी, इसमें उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर शामिल है। देश के राज्यों में सिलसिलेवार पतन के बाद एक बार फिर कांग्रेस का असंतुष्ट खेमा सक्रिय हो गया है। उन्होंने गुलाम नबी आजाद के घर बैठक की है। इसमें मनीष तिवारी और कपिल सिब्बल भी शामिल थे। काबिलेगौर है कि इससे पहले इन्होंने पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी को पत्र लिखा था और मांग की थी कि पार्टी को एक स्थायी अध्यक्ष चुन लेना चाहिए।

# सीएम योगी ने राज्यपाल को सौंपा इस्तीफा, नई सरकार का गठन होली से पहले संभव



उत्तर प्रदेश में बीजेपी की प्रचंड जीत का जश्?न मन रहा है। 37 सालों बाद किसी पार्टी को जनता ने दोबारा सत्ता की कुर्सी पर बैठाया है। ऐसे में माना जा रहा है कि सूबे में योगी और मोदी फैक्टर चला है और लोगों ने उनपर भरोसा जताया है। योगी आदित्यनाथ पांच साल का कार्यकाल पूरा करने के बाद राज्य में सत्ता में लौटने वाले पहले मुख्यमंत्री बन गए हैं। बीजेपी को 255 सीटें मिली हैं जबकि कड़ी टक्कर देने वाली सपा को केवल 111 सीटों पर संतोष करना पड़ा है। धुआंधार प्रचार करने वाली कांग्रेस के खाते में दो सीटें मिली हैं। वहीं चार बार प्रदेश की कमान संभालने वाली मायावती की पार्टी को केवल एक सीट पर जीत मिली है। जनता द्वारा दिए गए जनादेश का आभार व्यक्त करते हुए गुरुवार को सीएम योगी ने अपने भाषण में कहा, बीजेपी की डबल इंजन सरकार ने पिछले पांच साल में सुरक्षा का माहौल बनाया और आस्था को सम्मान दिया। वहीं पीएम मोदी ने बीजेपी के पक्ष में मतदान करने के लिए वोटर्स का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि 10 मार्च से ही होली का त्योहार शुरू हो गया है। 2022 के नतीजों ने 2024 के नतीजें साफ कर दिए हैं। हार के बाद पहली बार अखिलेश ने जनता को सीटें और मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए धन्यवाद कहा है। उन्होंने कहा कि बीजेपी की सीटों का घटाव जारी रहेगा और जनहित का संघर्ष जीतेगा। बसपा अ?यक्ष मायावती ने भी पार्टी करारी शिकस्त पर बयान दिया है। उन्होंने इसके लिए प्रदेश में हिंदू और मुस्लिम वोटों के ध्रुवीकरण को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा है कि मुस्लिम समाज बसपा के साथ तो लगा रहा लेकिन इनका पूरा वोट समाजवादी पार्टी की तरफ शिफ्ट कर गया। इस बीच दिग्गज स्वामी प्रसाद मौर्य की करारी हार पर उनकी सांसद बेटी संघमित्रा मौर्य ने कहा है कि वह पिता का प्रचार करने नहीं गई थीं। हार और जीत जनता पर निर्भर करती है। कहीं कोई कमी रह गई होगी।

### नतीजों से पता चलता है कि भाजपा की सीटों में हो सकती है कमी : सपा

यूपी चुनाव के नतीजों को देखते हुए सपा प्रमुख अखिलेश यादव और सपा ने जनादेश स्वीकार कर लिया है। सपा ने कहा, हम यूपी के लोगों को सीट टैली में 2.5 गुना वृद्धि और वोट शेयर में 1.5 गुना उछाल के लिए धन्यवाद देते हैं। नतीजों से पता चला है कि बीजेपी की सीटों की गिनती कम हो सकती है और यह गिरावट जारी रहेगी।

### राजभवन के लिए निकले योगी, राज्यपाल को सौंपा इस्तीफा

यूपी में एक बार फिर भाजपा सरकार बनने जा रही है। 403 सीटों वाले इस प्रदेश 255 सीटें पाकर भाजपा ने इतिहास रच दिया। एक बार फिर से यूपी की सत्ता संभालने जा रहे सीएम योगी अब इस्तीफा देने के लिए लखनऊ स्थित राजभवन पहुंचे हैं। काफिले के साथ राजभवन पहुंचे योगी आदित्यनाथ ने राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। हालांकि इससे पहले सीएम योगी ने पिछले कार्यकाल की आखिरी कैबिनेट बैठक की है और इसके बाद वह सीधे इस्तीफा देने के लिए निकले। इस्तीफा देने के बाद सीएम योगी अब शपथ ग्रहण समारोह की तैयारी में जुट गए हैं।

## चुनाव हारने के बाद स्वामी ने तोड़ी चुप्पी, सांप और नेवले का सुनाया किस्सा



भाजपा छोड़कर सपा में शामिल हुए स्वामी प्रसाद मौर्य चुनाव हारने के बाद चुप्पी तोड़ दी थी। स्वामी प्रसाद मौर्य फाजिलनगर से सपा की टिकट पर दांव आजमा रहे थे। यहां वह अपने प्रतिद्वंदी भाजपा प्रत्याशी से चुनाव हार गए हैं। स्वामी प्रसाद मौर्य ने चुनाव हारने के बाद ट्वीट कर जीतने वाले विधायकों को बधाई दी। यूपी में भाजपा को मिले बहुमत को लेकर स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा मैं लोगों के जनादेश का सम्मान करता हूं। हार और जीत लोकतंत्र का हिस्सा हैं। मैं चुनाव में अपनी हार स्वीकार करता हूं। मैं अपनी हिम्मत नहीं चुनाव हार गया हूं। जिन मुद्दों के लिए मैंने बीजेपी छोड़ी, वे अब भी हैं और उन मुद्दों को जनता के सामने रखेंगे। उन्होंने सांप और नेवले का किस्सा सुनाते हुए कहा, हमेशा बड़ा तो नेवला ही होता है। यह बात अलग है कि नाग और सांप दोनों ने मिलकर नेवले को जीतने नहीं दिया। उन्होंने आगे कहा, जहां लोगों ने समझा वहां पर परिणाम सकारात्मक भी आए हैं। हमें खुशी है कि समाजवादी पार्टी का जन आधार तेजी से आगे बढ़ा और विधायकों की संख्या भी 2.5 गुना बढ़ी और सपा एक बड़ी ताकत बन कर उत्तर प्रदेश में उभरी है। उसे और बड़ा बनाने के लिए ये अभियान जारी रहेगा। खोखले रह गए स्वामी प्रसाद के दावे बड़े बड़े दावों के साथ समाजवादी पार्टी में गए स्वामी प्रसाद मौर्य ना तो सपा को सत्ता में ला पाए और ना ही अपनी सीट जीत सके। चुनाव परिणाम में एक ओर जहां पूर्व केंद्रीय मंत्री आरपीएन का प्रभाव दिखा, वहीं दूसरी ओर स्वामी प्रसाद इस चुनाव में बड़बोले भर साबित हो कर रह गए हैं। आरपीएन ने जिले के सभी सात सीटों में चुनाव प्रचार की कमान संभाली थी और परिणाम शत प्रतिशत भाजपा के पक्ष में आया। वहीं दूसरी ओर चुनाव से पहले सपा में जाने के बाद स्वामी प्रसाद ने जो दावे किए थे, वह सभी खोखले साबित हुए हैं। स्वामी प्रसाद ने भाजपा छोड़ने के बाद दावा किया था कि उनके पीछे पूरा ओबीसी व दलित समाज सपा के पक्ष में आ गया है। वह भाजपा को सत्ता से दूर कर देंगे। इसके कुछ ही दिन बाद कांग्रेस से पूर्व केंद्रीय मंत्री आरपीएन सिंह भाजपा में आ गए। उन्होंने केवल इतना ही कहा था कि वह भाजपा में एक आम कार्यकर्ता की तरह जी जान से काम करेंगे। जब पडरौना आए तभी से भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में दिन रात एक कर दिए।